भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2084

जिसका उत्तर दिनांक 16.12.2021 को दिया जाना है

देश में परमाणु ऊर्जा संयंत्र

2084 श्री जी. सी. चन्द्रशेखर :

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार भारत में विश्व के सबसे बड़े परमाणु संयंत्र के बारे में जानकारी साझा करना चाहेगी, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इस प्रस्तावित परमाणु संयंत्र के लिए स्थान चिन्हित किया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में चल रहे अनुसंधान का ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क) सरकार ने फ्रांस के साथ तकनीकी सहयोग से प्रत्येक 1650 MW के छह नाभिकीय विद्युत रिएक्टर की स्थापना के लिए महाराष्ट्र में जैतापुर में स्थल का 'सिद्धांततः' अनुमोदन प्रदान कर दिया है जो 9900 MW की कुल क्षमता के साथ सबसे बड़ा नाभिकीय विद्युत उत्पादन स्थल बन जाएगा ।

(ख) जी, हां । परियोजना के महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में जैतापुर स्थल पर स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है ।

(ग) वर्तमान में, मेसर्स ईडीएफ, फ्रांस के साथ परियोजना प्रस्ताव करने के लिए तकनीकी–वाणिज्यिक चर्चा प्रगति पर है ।

* * * * *